**NEWS CLIPPING:10.06.2023**

# PUNJAB KESARI

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने विजुअल कम्युनिकेशन एवं मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी में बीएससी की शुरूआत की

फरीदाबाद, 9 जून (पूजा): विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्मों के लिए उच्च गुणवत्ता के विजुअल कंटेंट की बढ़ती मांग के दृष्टिगत जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने नये सत्र से विजुअल कम्युनिकेशन एवं मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी में बीएससी डिग्री पाठ्यक्रम की शुरूआत की है। पाठ्यक्रम को संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप 30 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है।



*विश्वविद्यालय में मल्टीमीडिया उपकरणों पर काम करते हुए मीडिया के विद्यार्थी। (छाया: शिवम शर्मा)*

संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह पाठ्यक्रम ग्राफिक डिजाइन, टाइपोग्राफी, फोटोग्राफी और चित्र सज्जा सहित विजुअल कम्युनिकेशन के अध्ययन पर केंद्रित है। पाठ्यक्रम से जुड़ने वाले छात्रों को विभिन्न माध्यमों से प्रभावी विजुअल कंटेंट बनाना तथा संप्रेषित करना सीख सकेंगे। पाठ्यक्रम में छात्रों को स्टूडियो कक्षाओं, कार्यशालाओं और इंटर्नशिप सहित सीखने के कई अवसर प्राप्त होंगे तथा उन्हें अत्याधुनिक सुविधाओं और उपकरणों जैसे कि ऑटोडेस्क माया, ब्लेंडर, पेंसिल 2डी, एडोब एनिमेट आदि जैसे डिजाइन और एनिमेशन सॉफ्टवेयर, डिजिटल कैमरा, अत्याधुनिक मीडिया स्टूडियो में सीखने का अवसर मिलेगा।

विजुअल कम्युनिकेशन के साथ-साथ पाठ्यक्रम में मल्टीमीडिया तकनीकों को भी शामिल किया गया है, जिसमें वेब डिजाइन, एनीमेशन एवं वीडियो प्रोडक्शन शामिल हैं। पाठ्यक्रम में छात्र आकर्षक मल्टीमीडिया कंटेंट बनाने के लिए छात्रों को नवीनतम सॉफ्टवेयर और टूल का उपयोग भी सीखेंगे। पाठ्यक्रम को ब्रांडिंग, विज्ञापन, मार्केटिंग जैसे विषयों को कवर करने के साथ उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। पाठ्यक्रम के पूरा होने के बाद, छात्र एनीमेशन एवं ग्राफिक्स, गेमिंग, विज्ञापन, मार्केटिंग, पब्लिकेशन, वेब डिजाइन, मल्टीमीडिया प्रोडक्शन और फिल्म निर्माण सहित विभिन्न उद्योगों में करियर बनाने में सक्षम होंगे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


**NEWS CLIPPING:10.06.2023**

# REPCO NEWS

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने विजुअल कम्युनिकेशन एवं मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी में बीएससी की शुरूआत की

फरीदाबाद, 9 जून ( रेपको न्यूज)। विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्मों के लिए उच्च गुणवत्ता के विजुअल कंटेंट की बढ़ती मांग के दृष्टिगत जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने नये सत्र से विजुअल कम्युनिकेशन एवं मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी में बीएससी डिग्री पाठ्यक्रम की शुरूआत की है। पाठ्यक्रम को संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप 30 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है।

संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह पाठ्यक्रम ग्राफिक डिजाइन, टाइपोग्राफी, फोटोग्राफी और चित्र सज्जा सहित विजुअल कम्युनिकेशन के अध्ययन पर केंद्रित है। पाठ्यक्रम से जुड़ने वाले छात्रों को विभिन्न माध्यमों से प्रभावी विजुअल कंटेंट बनाना तथा संप्रेषित करना सीख सकेंगे। पाठ्यक्रम में छात्रों को स्टूडियो कक्षाओं, कार्यशालाओं और इंटर्नशिप सहित सीखने के कई अवसर प्राप्त होंगे तथा उन्हें अत्याधुनिक सुविधाओं और उपकरणों जैसे कि ऑटोडेस्क माया, ब्लेंडर, पेंसिल 2डी, एडोब एनिमेट आदि जैसे डिजाइन और एनिमेशन सॉफ्टवेयर, डिजिटल कैमरा, अत्याधुनिक मीडिया स्टूडियो में सीखने का अवसर मिलेगा।



विजुअल कम्युनिकेशन के साथ-साथ पाठ्यक्रम में मल्टीमीडिया तकनीकों को भी शामिल किया गया है, जिसमें वेब डिजाइन, एनीमेशन एवं वीडियो प्रोडक्शन शामिल है। पाठ्यक्रम में छात्र आकर्षक मल्टीमीडिया कंटेंट बनाने के लिए छात्रों को नवीनतम सॉफ्टवेयर और टूल का उपयोग भी सीखेंगे। पाठ्यक्रम को ब्रांडिंग, विज्ञापन, मार्केटिंग जैसे विषयों को कवर करने के साथ उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

पाठ्यक्रम के पूरा होने के बाद, छात्र एनीमेशन एवं ग्राफिक्स, गेमिंग, विज्ञापन, मार्केटिंग, पब्लिकेशन, वेब डिजाइन, मल्टीमीडिया प्रोडक्शन और फिल्म निर्माण सहित विभिन्न उद्योगों में करियर बनाने में सक्षम होंगे। वे ग्राफिक डिजाइनर, वेब डेवलपर, मल्टीमीडिया विशेषज्ञ, कला निर्देशक, एनिमेटर और उडी संपादक के रूप में भी काम कर सकते हैं।

विजुअल कम्युनिकेशन एवं मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी में बीएससी के अलावा विश्वविद्यालय के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग में अन्य पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले की पेशकश की जा रही है, जिसमें बी.ए. (जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन), बैचलर ऑफ सोशल वर्क और एम.ए. (जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन) शामिल है। दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून 2023 है।

**NEWS CLIPPING:10.06.2023**

# HINDUSTAN

**शिक्षा** | नए कोर्स के साथ जेसी बोस विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, यह प्रक्रिया 20 जून तक चलेगी

## चार वर्षीय स्नातक डिग्री करने में छात्रों की रुचि बढ़ी

**मिशन एडमिशन**

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक डिग्री को चार वर्षीय और तीन वर्षीय दोनों में दाखिला प्रक्रिया शुरू की है। विश्वविद्यालय के हेल्पलाइन नंबर 65 में से 36 छात्रों ने चार वर्षीय स्नातक डिग्री में दाखिले के लिए दिलचस्पी दिखाई है। आवेदन प्रक्रिया 20 जून तक चलेगी। जेसीबोस विश्वविद्यालय की साख है, इसलिए बहुत से छात्र यहां दाखिला लेने को प्राथमिकता देते हैं। विश्वविद्यालय में हरियाणा के विभिन्न जिलों, उत्तर-प्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के अलावा विदेशी छात्र भी यहां दाखिले के लिए प्रयास करते हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों को शामिल करते हुए विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए एडमिशन पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू किए हैं।

### मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी कोर्स की शुरुआत

विश्वविद्यालय बीएससी में नया कोर्स विजुअल कम्युनिकेशन एंड मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी के रूप में शुरू किया है। विज्ञान, प्रबंधन एवं कला से संबंधित स्नातक पाठ्यक्रमों और सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला विश्वविद्यालय स्तर पर होगा। जबकि बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी (एचएसटीईएस) द्वारा आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा। इसका कार्यक्रम एचएसटीईएस की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया शुरू है।

### ऐसे करें आवेदन

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर बाईं ओर एडमिशन पर क्लिक करें। वहां एक लिंक उपलब्ध होगा। जिसमें छात्र अपना ई-मेल और मोबाइल नंबर पंजीकृत करें। फिर एक ओटीपी आएगा। दोनों को वेरीफाई करें यहां आपका पंजीकरण पूरा हो जाएगा। इसके बाद फॉर्म खुल जाएगा। यहां अपना कोर्स चयन करें। और फार्म में मांगी गई जानकारी को पूरा करके सबमिट करें।

### ये दस्तावेज साथ रखे

- 10वीं का प्रमाण पत्र
- 12वीं की अंक तालिका
- परिवार पहचान पत्र
- आरक्षण की श्रेणी का प्रमाण पत्र
- आय का प्रमाण पत्र
- आधार कार्ड का नंबर

"ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। चार वर्षीय स्नातक डिग्री में भी छात्रों ने दिलचस्पी दिखाई। फार्म भरते वक्त छात्र सतर्कता बरतें।

-डॉ. आशुतोष निगम, निदेशक, एडमिशन, जेसीबोस विश्वविद्यालय

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:10.06.2023**

# DESH ROJGAR

# जेसी बोस ने की वीसीएमटी में बीएससी की शुरूआत

## विजुअल कंटेंट की बढ़ती मांग को देखते हुए शुरू किया नया पाठ्यक्रम



विश्वविद्यालय में मल्टीमीडिया उपकरणों पर काम करते हुए मीडिया के विद्यार्थी।

**देश रोजाना, फरीदाबाद**

विड्ढान्न मीडिया प्लेटफॉर्मों के लिए उच्च गुणवत्ता के विजुअल कंटेंट की बढ़ती मांग के दृष्टिगत जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने नये सत्र से विजुअल कम्युनिकेशन एवं मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी में बीएससी डिग्री पाठ्यक्रम की शुरूआत की है। पाठ्यक्रम को संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विड्ढाग के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप 30 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है।

संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विड्ढाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह पाठ्यक्रम ग्राफिक डिजाइन, टाइपोग्राफी, फोटोग्राफी और चित्र सज्जा सहित विजुअल कम्युनिकेशन के अध्ययन पर केंद्रित है। पाठ्यक्रम से जुड़ने वाले छात्रों को विड्ढान्न माध्यमों से प्रड्ढावी विजुअल कंटेंट बनाना तथा संप्रेषित करना सीख सकेंगे। पाठ्यक्रम में छात्रों को स्टूडियो कक्षाओं, कार्यशालाओं और इंटर्नशिप सहित सीखने के कई अवसर प्राप्त होंगे तथा उन्हें अत्याधुनिक सुविधाओं और उपकरणों जैसे कि ऑटोडेस्क माया, ब्लेंडर, पेंसिल 2डी, एडोब एनिमेट आदि जैसे डिजाइन और एनिमेशन सॉफ्टवेयर, डिजिटल कैमरा, अत्याधुनिक मीडिया स्टूडियो में सीखने का अवसर मिलेगा।विजुअल कम्युनिकेशन के साथ-साथ पाठ्यक्रम में मल्टीमीडिया तकनीकों को ड्ढी शामिल किया गया है, जिसमें वेब डिजाइन, एनीमेशन एवं वीडियो प्रोडक्शन शामिल हैं। पाठ्यक्रम में छात्र आकर्षक मल्टीमीडिया कंटेंट बनाने के लिए छात्रों को नवीनतम सॉफ्टवेयर और टूल का उपयोग ड्ढी सीखेंगे। पाठ्यक्रम को ब्रांडिंग, विज्ञापन, मार्केटिंग जैसे विषयों को कवर करने के साथ उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

**NEWS CLIPPING:10.06.2023**

# AMAR UJALA

## जेसी बोस में मल्टीमीडिया में भी होंगे दाखिले

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विजुअल कम्युनिकेशन एवं मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी में 30 सीटों के साथ बीएससी डिग्री पाठ्यक्रम की शुरुआत की है।

संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि इसमें दाखिले के लिए 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसमें ग्राफिक डिजाइन, टाइपोग्राफी, फोटोग्राफी और चित्र सज्जा सहित विजुअल कम्युनिकेशन की पढ़ाई कराई जाएगी। पाठ्यक्रम में छात्रों को स्टूडियो कक्षाओं, कार्यशालाओं और इंटर्नशिप सहित सीखने के कई अवसर प्राप्त होंगे।

उन्हें अत्याधुनिक सुविधाओं और उपकरणों जैसे कि ऑटो डेस्क माया, ब्लेंडर, पेंसिल 2डी, एडोब एनिमेशन आदि जैसे डिजाइन और एनिमेशन सॉफ्टवेयर, डिजिटल कैमरा आदि अत्याधुनिक मीडिया स्टूडियो में सीखने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, बैचलर्स ऑफ सोशल वर्क और एमए (जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन) में भी दाखिला ले सकेंगे। संवाद

**NEWS CLIPPING:10.06.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## विजुअल कम्युनिकेशन कोर्स शुरू

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : विभिन्न मीडिया प्लैटफॉर्म के लिए उच्च गुणवत्ता के विजुअल कंटेंट की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने नए सत्र से विजुअल कम्युनिकेशन व मल्टीमीडिया टेक्नॉलजी में बीएससी डिग्री कोर्स की शुरुआत की है। कोर्स को संचार व मीडिया टेक्नॉलजी विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप 30 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है। विभाग के अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह ने बताया कि कोर्स ग्राफिक डिजाइन, टाइपोग्राफी, फोटोग्राफी व चित्रसज्जा सहित विजुअल कम्युनिकेशन के अध्ययन पर केंद्रित है। मल्टीमीडिया टेक्नॉलजी में वेब डिजाइन, एनिमेशन व विडियो प्रोडक्शन शामिल हैं। कोर्स में दाखिले के लिए 20 जून तक आवेदन किए जा सकते हैं।